# GOVT. DEGREE COLLEGE NAGROTA SURIAN

TEH. NAGROTA SURIAN, DISTT. KANGRA (H.P.)-176027

Phone No : 01893-293686 Email:gcnagrotasuriyan-hp@nic.in


Reference No. - 254 Date:- 03-07-2026

## सूचना

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2026-2027 के लिए छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है जिसकी **अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026** हैं। यह सम्पूर्ण प्रक्रिया राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल National Scholarship Portal (NSP) https://scholarships.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन है. अतः आप सभी निर्देशों का पालन करें।

**National Scholarship Portal (NSP) के माध्यम से छात्रवृत्ति आवेदन हेतु पात्रता सबन्धी आवश्यक निर्देश –**

1. जो भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए योग्य हैं वे दिनांक 31 अक्टूबर 2026 से पहले आवेदन कर दें।
2. प्रथम वर्ष के विद्यार्थी सर्वप्रथम राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (NSP) पर अपना पंजीकरण (Registration) करें। जो विद्यार्थी पूर्व में छात्रवृत्ति प्राप्त कर चुके हैं, वे निर्धारित समय के भीतर अपनी छात्रवृत्ति का **Renewal** करें।
3. द्वितीय वर्ष के जो विद्यार्थी कुछ कारणों से प्रथम वर्ष में छात्रवृत्ति नहीं भर पाए थे, यदि वे निर्धारित पात्रता (Eligibility) की सभी शर्तें पूरी करते हैं, तो वे भी इस वर्ष आवेदन कर सकते हैं।
4. सत्र 2024 से **OTR (One Time Registration)** अनिवार्य कर दिया गया है। प्रत्येक विद्यार्थी आवेदन करने से पूर्व OTR अवश्य पूर्ण करें। भविष्य में प्रत्येक छात्रवृत्ति आवेदन हेतु इसी OTR का उपयोग किया जाएगा।
5. छात्रवृत्ति हेतु **न्यूनतम 75% उपस्थिति अनिवार्य** है, अतः आप सभी विद्यार्थी फॉर्म भरने से पहले यह सुनिश्चित कर लें।
6. वेदन करने से पूर्व NSP Portal पर अपनी पात्रता (Eligibility) अवश्य जांच लें, जिससे आप केवल उसी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करें जिसके लिए आप पात्र हैं। इसके लिए आपको अपनी जानकारी वहां देनी होगी जिससे आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपके लिए कौन सी छात्रवृत्ति उचित रहेगी।
7. सम्भव हो तो आवेदन करने से पूर्व सभी मूल दस्तावेज छात्रवृत्ति समिति के सदस्य से सत्यापित (Preliminary Verification) अवश्य करवा लें, ताकि आवेदन से पूर्व ही त्रुटियों में सुधार किया जा सके।

### Committee Members

| Sr. No. | Class | Teachers |
|---|---|---|
| 1. | BCA Classes | Dr. Rajesh Kumar |
| 2. | BA (All Classes) | Mr. Yuvraj |
| 3. | B.Com (All Classes) | Ms. NehaChoudhary |
| 4. | B.Sc (All Classes) | Ms. Priya |

**छात्रवृत्ति आवेदन से पूर्व निम्न निर्देशों का पालन करें –**

- छात्रवृत्ति की सम्पूर्ण आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन है, अतः प्रत्येक विद्यार्थी अपना आवेदन स्वयं भरे। छात्रवृत्ति की जानकारी के लिए वे अध्यापक से संपर्क कर सकते हैं अथवा कौन सी छात्रवृत्ति उनके लिए सही रहेगी इसके विषय में भी वे अध्यापक से संपर्क कर सकते हैं।
- अपना नाम, पिता का नाम, खाता संख्या तथा आधार संख्या ध्यान से भरें, यह एक बार भरने के पश्चात् परिवर्तित नहीं होती है।
- अपने खाते को आधार के साथ लिंक करना सुनिश्चित करें। छात्रवृत्ति आधार के माध्यम से दी जाती है (DBT) अतः यदि यह खाते से लिंक नहीं होगा तो आपकी छात्रवृत्ति नहीं आएगी। आप अपने खाते को स्वयं भी आधार से लिंक कर सकते हैं जिसके निर्देश NSP कि वेबसाइट पर मौजूद हैं।
- यदि बैंक खाता **Joint Account** है, तो विद्यार्थी अपने नाम से **Single (Self) Savings Account** खुलवाएं।
- **Income प्रमाण पत्र अपने परिवार के मुखिया के नाम का ही बनवाएं जिसमें आपके माता, पिता इत्यादि हो सकते हैं। छात्र के नाम का प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं होगा।**
- प्रत्येक प्रमाण-पत्र ($10^{th}$, $12^{th}$, Bank copy, Aadhar, Category certificate, income certificate) में आवेदन करने से पूर्व निम्न विवरण अवश्य जांच लें—
  - **नाम**
  - **पिता का नाम**
  - **माता का नाम**
  - **जन्म तिथि**
  - **आधार संख्या**
- यदि किसी भी दस्तावेज में त्रुटि है, तो पहले उसे ठीक करवाएं। त्रुटि की स्थिति में आपको छात्रवृत्ति के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा और आपका फॉर्म महाविद्यालय स्तर पर भी सत्यापित नहीं होगा।
- **आपके सभी प्रमाण पत्रों में आपका नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि आपके जन्म प्रमाण पत्र (Birth certificate) अथवा दसवीं की अंकतालिका ($10^{th}$ class Marksheet) के अनुकूल होना चाहिए।**
- **आवेदन में दी गई जानकारी की सत्यता एवं समय पर आवेदन करना पूर्णतः विद्यार्थी की जिम्मेदारी होगी।**
- आधार से खाता एवं मोबाइल नंबर के जुड़े होने की जानकारी प्राप्त करने के लिए अथवा जोड़ने के लिए निम्न अंतर्जाल संकेतों का प्रयोग करें –

  https://myaadhaar.uidai.gov.in/check-aadhaar-validity/en

  https://www.youtube.com/watch?v=gjPkUF23UTg
- छात्रवृत्ति सम्बन्धी अधिक जानकारी के लिए छात्रवृत्ति समिति से मिले तथा अपनी समस्या बताएं।
- ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के पश्चात विद्यार्थी आवेदन पत्र तथा अपलोड किए गए सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित (Self-attested) छायाप्रतियां प्रतिदिन अपराह्न **3:00 बजे के बाद** छात्रवृत्ति समिति के पास जमा करें। इससे पूर्व आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
- विद्यार्थी अपने NSP Dashboard एवं Registered Mobile Number नियमित रूप से जांचते रहें।

## छात्रवृत्ति समिति सदस्य -

ऑनलाइन छात्रवृत्ति भरने के पश्चात् विद्यार्थी अपने फॉर्म निम्न प्राध्यापकों को देंगे –

| Sr. No. | Class | Teachers |
|---|---|---|
| 5. | BCA Classes | Dr. Rajesh Kumar |
| 6. | BA (All Classes) | Mr. Yuvraj |
| 7. | B.Com (All Classes) | Ms. NehaChoudhary |
| 8. | B.Sc (All Classes) | Ms. Priya |
| 9. | | |

## छात्रवृत्ति के एप्लीकेशन फॉर्म के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करें –

1. 10th DMC
2. 12th DMC
3. Last year result copy (For BA/B.Com/B.Sc 2nd & 3rd year)
4. Income- Certificate (Issued in r/o head of the family)
5. Category Certificate/BPL/IRDP/EBC (Latest)
6. Aadhar card
7. Bank copy (Self account)
8. Photocopy of Admission Slip

Rajesh

Convener Scholarship
Govt. Degree College,Nagrota Surian

03.07.2026

Principal
Govt Degree College
Nagrota Surian,
Distt. Kangra (HP)-176027

Principal
Govt. Degree College Nagrota Surian